भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **195**

सोमवार, **18** नवम्बर, 2019/**27** कार्तिक, 1941 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन पर्व का आयोजन

195. श्री डी. एन.वी. सेंथिलकुमार एस:

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

श्री विनायक **भाऊराव** राउत:

डॉ. हिना **विजयकुमार** गावित:

श्री हेमंत पाटिल:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में दिल्ली में 'पर्यटन पर्व' 2019 का आयोजन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) पर्यटन पर्व के दौरान कितने प्रतिभागियों ने भाग लिया और आयोजित किए गए प्रमुख कार्यकलापों और स्पर्धाओं क्या ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटन पर्व के आयोजन पर कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त स्पर्धाएं आयोजित करने के उद्देश्य को प्राप्त किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसे पर्व बार-बार आयोजित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

पर्यटन राज्य मंत्री **(**स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.) : पर्यटन मंत्रालय ने 2 से 13 अक्टूबर, 2019 तक राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन पर्व 2019 मनाया। पर्व के दिल्ली चरण का आयोजन रफी मार्ग और जनपथ के बीच राजपथ लॉन पर 2 से 6 अक्टूबर, 2019 तक सफलतापूर्वक किया गया। पर्यटन पर्व, 2019 का उद्देश्य "देखो अपना देश", "सभी के लिए पर्यटन" तथा "पर्यटन एवं सुशासन" अवधारणा का प्रचार करना था और इस दौरान घरेलू पर्यटन का व्यापक संवर्धन किया गया। पर्व में प्रवेश आम जनता के लिए

खुला था। पर्यटन पर्व, 2019 की केन्द्रीय थीम "महात्मा गांधी की 150वीं जयंती" मनाने हेतु समर्पित थी। पर्व के दौरान उत्सव का वातावरण बनाया गया। पर्यटन पर्व, 2019 के दिल्ली चरण में विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, केन्द्रीय मंत्रालयों तथा अन्य संगठनों से सम्बद्ध हितधारकों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आगंतुकों से बातचीत की और विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों पर सूचना का वितरण किया | पर्यटन थीम से सम्बंधित मंडपों, हस्तशिल्प/हैंडलूम स्टाल्स, फूड कोर्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, योग प्रदर्शनों आदि को पर्यटन पर्व के दौरान प्रदर्शित किया गया। दिल्ली में पर्यटन पर्व 2019 के आयोजन की अनुमानित लागत रुपये 3.81 करोड़, इवेंट प्रबंधन फीस और जीएसटी है। पर्यटन मंत्रालय पर्यटन के संवर्धन के उद्देश्य से, अपने सतत कार्यकलापों के एक अंग के रूप में, विभिन्न समारोहों का आयोजन करता है।

****